# CET EXAM 2023

## स्नातक स्तर ... मॉडल पेपर

## प्रैक्टिस सेट- 8

व्याख्या सहित - PDF डाउनलोड

WWW.RAJASTHANCLASSES.IN

सामान्य विज्ञान वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Click Here

भारत GK

◆ प्रश्नोत्तरी ◆ नोट्स

सम्पूर्ण PDF

Click Here डाउनलोड

सम्पूर्ण नोट्स PDF
विषयवार ई-बुक
सभी PDF यहां से डाउनलोड करें

भारत सामान्य ज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

सामान्य विज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

1. **सार्जेण्ट आयोग का गठन कब किया गया था?**
(A) 1942 (B) 1945
(C) 1944 (D) 1947

2. **बारदौली सत्याग्रह का नेतृत्व किसने किया था?**
(A) महात्मा गांधी (B) सरदार वल्लभभाई पटेल
(C) राजेन्द्र प्रसाद (D) भीमराव अम्बेडकर

3. **1938 में कांग्रेस के हरिपुरा अधिवेशन की अध्यक्षता सुभाषचन्द्र बोस ने की थी, हरिपुरा कहाँ स्थित है-**
(A) हरियाणा (B) गुजरात
(C) मध्यप्रदेश (D) उत्तरप्रदेश

4. **शचीन्द्रनाथ सान्याल, रामप्रसाद बिस्मिल व योगेश चटर्जी ने निम्न में से किस संगठन की स्थापना की?**
(A) अनुशीलन समिति (B) अभिनव भारत समाज
(C) हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन
(D) युगांतर

5. **सविनय अवज्ञा आंदोलन कब प्रारंभ हुआ?**
(A) 21 मार्च, 1931 (B) 22 मार्च, 1931
(C) 12 मार्च, 1930 (D) 22 मार्च, 1930

6. **फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना कब की गई?**
(A) मई, 1939 (B) मई, 1940
(C) अप्रैल, 1940 (D) अप्रैल, 1939

7. **नादिरशाह के आक्रमण के समय मुगल बादशाह कौन था?**
(A) बहादुरशाह (B) फरूखसियर
(C) शाह आलम (D) मुहम्मदशाह

8. **महाराष्ट्र में किस समाज सुधारक को 'लोकहितवादी' उपनाम से जाना जाता है?**
(A) ज्योतिबा फुले (B) गोपाल हरि देशमुख
(C) दादाभाई नौरोजी (D) बाल शास्त्री

9. **निम्नलिखित में से कौन-से उग्रवादी राजनीतिक गतिविधियों से संबंधित थे?**
1. विपिनचन्द्र पाल 2. गोपाल कृष्ण गोखले
3. दादाभाई नौरोजी 4. लाला लाजपत राय
(A) 1, 3 (B) 1, 2, 4
(C) 2, 3, 4 (D) 1, 4

10. **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा किस अधिवेशन में सर्वप्रथम स्वराज की माँग की गई थी?**
(A) कलकत्ता अधिवेशन - 1906
(B) सूरत अधिवेशन - 1907
(C) लखनऊ अधिवेशन - 1916
(D) लाहौर अधिवेशन - 1929

11. **भारत का अंतिम हिन्दू सम्राट किसे कहा जाता है?**
(A) अशोक (B) स्कन्दगुप्त
(C) हर्षवर्धन (D) कुमारगुप्त

12. **'द मराठा' नामक अंग्रेजी साप्ताहिक पत्र किसने निकाला था?**
(A) जवाहरलाल नेहरू (B) लाला लाजपत राय
(C) दादाभाई नौरोजी (D) बाल गंगाधर तिलक

**13. सबसे बड़ा स्थल रथ चलाते हुये मनुष्य की ताम्रमूर्ति कहाँ से प्राप्त हुई?**

(A) रंगपुर (B) जोर्वे

(C) मालवा (D) दायमाबाद/दैमाबाद

**14. निम्न कथन किस शासक से संबंधित हैं?**

1. यह बौद्ध धर्म का अनुयायी था।

2. इसका गुरू मोगलिपुत्र था।

(A) चंद्रगुप्त मौर्य (B) अशोक

(C) बिन्दुसार (D) महेन्द्र

**15. निम्न कथन किससे संबंधित हैं?**

1. इंग्लैण्ड से पढ़ाई कर 1912 ई. में भारत आये।

2. सन् 1921 को पहली बार गांधी जी से मुलाकात हुई।

(A) सुभाषचंद्र बोस (B) दादाभाई नौरोजी

(C) जवाहरलाल नेहरू (D) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी

**16. भेरूकुण्ड नामक स्थल का संबंध किस किसान आंदोलन से है?**

(A) बरड़ (B) बिजौलिया

(C) बेंगू (D) मारवाड़

**17. निम्न में से सत्य कथन है/हैं-**

1. डाबड़ा काण्ड 13 मार्च, 1947 को हुआ।

2. 3 मार्च, 1948 को जयनारायण व्यास को मारवाड़ प्रजामण्डल का मुख्यमंत्री बनाया गया।

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**18. शान्ता त्रिवेदी का संबंध किस प्रजामंडल से था?**

(A) मारवाड़ (B) बीकानेर

(C) भरतपुर (D) उदयपुर

**19. 'वैदिक धर्म सभा' की स्थापना किस स्थान पर हुई?**

(A) उदयपुर (B) करौली

(C) जयपुर (D) अजमेर

**20. निम्न में से तारागढ़ दुर्ग का उपनाम है -**

1. गढ़ बिठली 2. राजपूताना की कुंजी

3. राजस्थान का जिब्राल्टर

(A) 1, 2 (B) 2, 3

(C) 1, 3 (D) 1, 2, 3

**21. गंगा मंदिर कहाँ स्थित है?**

(A) भीलवाड़ा (B) भरतपुर

(C) अलवर (D) उदयपुर

**22. झुराणों के हवामहल किस जिले में हैं?**

(A) झुंझुनूं (B) सीकर

(C) चूरू (D) जोधपुर

**23. जगत अम्बिका माता का मंदिर कहाँ स्थित है?**

(A) जोधपुर (B) उदयपुर

(C) बारां (D) कोटा

**24. किस चित्रशैली का किसी भी चित्रशैली पर प्रभाव नहीं पड़ा?**

(A) नागौर चित्रशैली (B) बीकानेर चित्रशैली

(C) जैसलमेर चित्रशैली (D) बूंदी चित्रशैली

25. **निम्न में से नाक के आभूषण हैं-**

1. बेसरी 2. हांसली 3. बुलाक 4. चूँप

(A) 1, 2 (B) 1, 3

(C) 2, 3 (D) 3, 4

26. **सर्वप्रथम किसने कीर्तन व नृत्य को ईश्वर भक्ति का अंग माना?**

(A) माध्वाचार्य (B) संत पीपा

(C) निम्बार्काचार्य (D) महाप्रभु चैतन्य

27. **दाबू प्रिंट कहाँ की प्रसिद्ध है?**

(A) बाड़मेर (B) सांगानेर

(C) अकोला (D) शाहपुरा

28. **अग्नि नृत्य किस पंथ/सम्प्रदाय के लोग करते हैं?**

(A) कामड़िया पंथ (B) जसनाथी सम्प्रदाय

(C) दादू पंथ (D) लालदासी सम्प्रदाय

29. **निम्न में से असुमेलित को छांटिए -**

1. रसिया दंगल - करौली 2. भेंट दंगल - धौलपुर

3. कादरा - भूतरा दंगल - गीजगढ़ (जयपुर)

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1, 3 (D) 2, 3

30. **निम्न में से घन वाद्ययंत्र है-**

(A) इकतारा (B) चीपिया

(C) तासा (D) मशक

31. **सत्य कथन/कथनों का चयन कीजिए-**

1. काँच पर गोली दागने पर काँच में छिद्र होना स्थिरावस्था का जड़त्व है।
2. क्षैतिज गति कर रहे वायुयान से भोजन के पैकेट को गिराने पर उसका गिराये स्थान से आगे गतिशील अवस्था का जड़त्व है।
3. संवेग का नियम बल का सूत्र/परिमाण को बताता है।

(A) 1, 2 (B) केवल 3

(C) 1, 3 (D) उपर्युक्त सभी

32. **हमारे शरीर में खाना पचाने के बाद प्राप्त ऊर्जा का कुछ भाग कौन-सी ऊर्जा में बदलता है?**

(A) रासायनिक ऊर्जा (B) विद्युत ऊर्जा

(C) यांत्रिक ऊर्जा (D) इनमें से कोई नहीं

33. **असत्य कथन/कथनों की पहचान कीजिए-**

1. समुद्र में गहराई पर जाने से दाब बढ़ता है।

2. पानी की तली में बुलबुले का आकार बढ़ जाता है।

3. अंतरिक्ष में वायुदाब शून्य होता है।

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1, 3 (D) उपर्युक्त सभी

34. **150 kg लोहे की छड़ तथा 150 kg रूई के बोरे को पलड़े वाली तराजू से तौलने पर संतुलित पाठ्यांक 150 kg आता है, कौन अधिक भारी है?**

(A) रूई का बोरा

(B) लोहे की छड़

(C) 1, 2 दोनों

(D) न तो बोरा न ही लोहे की छड़

35. **सत्य कथन पहचानिये-**

1. कल-कारखानों की चिमनियों से कालिख हटाने में पराश्रव्य तरंगों का उपयोग किया जाता है।

2. ध्वनि की चाल निर्वात में शून्य होती है।
3. चन्द्रमा पर एक हॉर्न से ध्वनि उत्पन्न की जाती है तो यह लगभग 8 घण्टे बाद पृथ्वी पर सुनाई देगी।

(A) 1, 2 (B) 1, 2, 3
(C) 2, 3 (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**36. सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 पदार्थ | सूची-2 अपवर्तनांक |
|---|---|
| (a) निर्वात् | (i) 1.33° |
| (b) काँच | (ii) 2.42° |
| (c) हीरा | (iii) 1.50° |
| (d) जल | (iv) 1° |

(A) (a)iv (b)i (c)ii (d)iii
(B) (a)iv (b)iii (c)ii (d)i
(C) (a)i (b)ii (c)iii (d)iv
(D) इनमें से कोई नहीं

**37. सत्य कथन/कथनों को पहचानिये-**

1. स्थाई चुम्बक बनाने में स्टील का प्रयोग किया जाता है।
2. चुम्बकशीलता का मात्रक हेनरी/मीटर होता है।
3. 2A अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल वाले तार का प्रतिरोध अधिकतम होता है।

(A) 1, 2 (B) 1, 2, 3
(C) केवल 3 (D) उपर्युक्त सभी

**38. मिश्रण को किस विधि द्वारा पुनः प्रारंभिक अवयवों में प्राप्त किया जा सकता है?**

(A) ऊर्ध्वपातन (B) सरल यांत्रिकी
(C) वाष्पीकरण (D) पृथक्करण

**39. पृथ्वी की आयु निर्धारण में किस समस्थानिक का प्रयोग किया जाता है?**

(A) यूरेनियम (B) पौटेशियम
(C) कोबाल्ट (D) क्लोरीन

**40. सोडावाटर में नींबू का रस डालते ही बुलबुले उठते हैं, इसका कारण क्या है?**

(A) $CO_2$ की उपस्थिति (सोडावाटर में)
(B) लासोन की उपस्थिति (सोडावाटर में)
(C) क्षार की उपस्थिति (सोडावाटर में)
(D) उक्त में से कोई नहीं

**41. कृत्रिम रबर की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?**

(A) स्टीवार्ड (B) मैथ्यूज एवं हैरिस
(C) हैबरलैण्ड (D) स्लाइडेन एवं श्वान

**42. सर्वाधिक शुद्ध सोना कितने कैरेट का होता है?**

(A) 24 कैरेट (B) 23.25 कैरेट
(C) 23 कैरेट (D) 22 कैरेट

**43. आवर्त सारणी में शून्य वर्ग में कितने तत्व होते हैं?**

(A) 7 (B) 8
(C) 10 (D) 6

**44. मनुष्य की रुधिराणु (इरीथ्रोसाइट) की झिल्ली में लगभग कितने प्रतिशत प्रोटीन मिलता है?**

(A) 52% (B) 50%
(C) 40% (D) 30%

45. **निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए -**

| **पादप के लक्षण (मेण्डल के नियमानुसार)** | **प्रभावी/अप्रभावी** |
|---|---|
| (a) पादप की ऊँचाई | (i) कक्षीय/अग्रस्थ |
| (b) पुष्प की स्थिति | (ii) फूली हुई/संकीर्णित |
| (c) परिपक्व फली की आकृति | (iii) बैंगनी/सफेद |
| (d) पुष्प का रंग | (iv) लम्बा/बौना |

(A) (a)iv (b)i (c)ii (d)iii
(B) (a)i (b)ii (c)iii (d)iv
(C) (a)iii (b)iv (c)ii (d)i
(D) (a)i (b)iii (c)ii (d)iv

46. **मछलीपालन के लिए कौन-सी विदेशी मछली काम में ली जाती है?**
(A) रोहू (B) कातला
(C) कामन कार्प (D) मृगल

47. **किस हार्मोन को 'आपातकालीन हार्मोन' कहा जाता है?**
(A) पिनियल ग्रन्थि (B) अधिवृक्क ग्रन्थि
(C) पाइराइड ग्रन्थि (D) थाइमस ग्रन्थि

48. **किस खगोलशास्त्री ने जैव-केन्द्रिता का सिद्धांत प्रतिपादित किया?**
(A) आइन्सटीन (B) व्हीलर
(C) लार्ड केल्विन (D) रॉबर्ट लान्जा

49. **एड्स रोग किस विषाणु के कारण होता है?**
(A) एल्फावाइरस (B) एच.आई.वी.
(C) $H_1N_1$ (D) एन्टेरो

50. **निम्नलिखित में से असत्य कथन/कथनों को चुनिये-**
1. विटामिन की खोज फंक द्वारा 1912 ई. में की गई।
2. विटामिन-A रेटिनॉल शलाका कोशिकाओं का रेडाक्सिन करता है।
3. विटामिन-$B_1$ सहएंजाइम का भाग है स्वस्थ, त्वचा तथा मुख्य श्लेष्मा को नियमित करता है।
4. विटामिन - K सामान्य रुधिर स्कन्दन का कार्य करता है।

(A) केवल 3 (B) केवल 2
(C) 1, 4 (D) 1, 3

51. **केन्द्रीय बजट 2022-23 के संदर्भ में असुमेलित है-**
(A) राजकोषीय घाटा जीडीपी का 6.8% है।
(B) प्राथमिक घाटा जीडीपी का 3.1% है।
(C) राजस्व घाटा जीडीपी का 5.1% है।
(D) सभी सुमेलित हैं।

52. **निम्न में से कौन-सी वस्तु जीएसटी में शामिल नहीं है?**
(A) शराब (B) घी
(C) आटा (D) खेल सामग्री

53. **भारतीय महिला बैंक की स्थापना कब की गई?**
(A) 19 नवंबर, 2015 (B) 19 नवंबर, 2013
(C) 19 नवंबर, 2014 (D) 19 नवंबर, 2012

54. **मौद्रिक नीति समिति के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?**
(A) रघुराम राजन (B) उर्जित पटेल
(C) शक्तिकांत दास (D) मनमोहन सिंह

55. **ई-कॉमर्स की शुरुआत कब हुई?**
(A) 1950 के दशक में (B) 2006 में
(C) 1960 के दशक में (D) 2011 में

**56. असंगत को चुनिए-**

(A) NDP=GDP - मूल्यह्रास

(B) NNP=GNP - मूल्यह्रास

(C) $GDP_{MP}$ = $GDP_{FC}$ - शुद्ध अप्रत्यक्ष कर

(D) $GDP_{FC}$ = $GDP_{MP}$ - अप्रत्यक्ष कर + सब्सिडी

**57. श्वेत क्रांति के संदर्भ में असत्य कथन है-**

(A) इसका प्रारंभ 1960 में हुआ।

(B) श्वेत क्रांति का जनक डॉ. वर्गीज कुरियन को माना जाता है।

(C) श्वेत क्रांति का प्रथम चरण 1970-81 रहा।

(D) राष्ट्रीय दुग्ध दिवस 26 नवंबर को मनाया जाता है।

**58. असंगत युग्म है-**

(A) राउरकेला आयरन एण्ड स्टील प्लांट - जर्मनी

(B) भिलाई आयरन एण्ड स्टील प्लांट - रूस

(C) दुर्गापुर आयरन एण्ड स्टील प्लांट - ब्रिटेन

(D) बोकारो आयरन एण्ड स्टील प्लांट - जापान

**59. भारत कीआर्थिक समीक्षा 2021-22 के अनुसार सेवा क्षेत्र का अर्थव्यवस्था में योगदान है-**

(A) 45% (B) 49%

(C) 53% (D) 56%

**60. राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का प्रारंभ कब हुआ?**

(A) 23 अगस्त, 2015 (B) 23 सितंबर, 2013

(C) 15 अगस्त, 2014 (D) 2 अक्टूबर, 2013

**61. मनरेगा के संदर्भ में असंगत कथन है-**

(A) मनरेगा अधिनियम 2 अक्टूबर, 2006 को पारित हुआ।

(B) संपूर्ण भारत में मनरेगा 1 अप्रैल 2008 से शुरू हुई।

(C) मनरेगा का नामकरण 2 अक्टूबर, 2009 को।

(D) राजस्थान में मनरेगा में महिला आरक्षण 50% है।

**62. दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार 2022 किस जिला परिषद को प्रदान किया गया?**

(A) कोटा (B) झुंझुनूं

(C) चूरू (D) बांसवाड़ा

**63. निम्न में से कौन-सी परियोजना ADB द्वारा वित्त पोषित नहीं है?**

(A) राजस्थान शहरी क्षेत्र विकास कार्यक्रम द्वितीय

(B) जयपुर मेट्रो परियोजना

(C) राजस्थान राजमार्ग विकास कार्यक्रम द्वितीय

(D) राजस्थान राजमार्ग निवेश कार्यक्रम द्वितीय

**64. मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत कितनी दवाएं मुफ्त उपलब्ध करवायी जा रही हैं?**

(A) 754 (B) 971

(C) 742 (D) 733

**65. सुरेश तेंदुलकर समिति के अनुसार राजस्थान में ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी प्रतिशत कितना रहा?**

(A) 25.7% (B) 16.05%

(C) 10.69% (D) 14.07%

**66. पेसा अधिनियम के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार करें-**

1. पेसा अधिनियम पर राष्ट्रपति ने 24 दिसंबर, 1996 को हस्ताक्षर किए।
2. पेसा अधिनियम राज्य में जून, 1998 में लागू हुआ।
3. राजस्थान में पैसा अधिनियम 10 जिलों में लागू हुआ।

**सत्य कथन/कथनों का चयन करें-**

(A) 1, 2 (B) 2, 3

(C) 1, 3 (D) केवल 2

**67. राजस्थान सहकारिता आंदोलन के संदर्भ में असुमेलित है-**

| संस्था | स्थापना |
|---|---|
| (A) राज्य भण्डारण निगम | 1957 |
| (B) राजस्थान राज्य जनजाति विकास सहकारी संघ | 1986 |
| (C) राजस्थान सहकारी शिक्षा प्रबंध संस्थान | 1994 |
| (D) राजस्थान राज्य सहकारी संघ | 1957 |

**68. निम्न में से सत्य कथन है/हैं-**

1. तारकशी शाहपुरा की प्रसिद्ध है।
2. तीर-कमान हेतु चन्दुजी का गड़ा प्रसिद्ध है।

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**69. निर्यात तत्परता सूचकांक-2022 में लेण्डलॉक श्रेणी में राजस्थान की रैंक है-**

(A) प्रथम (B) नौवीं
(C) छठी (D) 11वीं

**70. प्रदेश की पहली हस्तशिल्प नीति के संदर्भ में विचार करें-**

(1) यह 17 सितंबर, 2022 को जारी की गई।
(2) इसके तहत जोधपुर में हस्तशिल्प म्यूजियम बनाया जाएगा।
(3) दिसंबर में हस्तशिल्प सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।
(4) यह पॉलिसी अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगी।

**सत्य कथन है-**

(A) केवल 1 (B) केवल 3
(C) केवल 2 (D) केवल 4

**71. सत्य कथन/कथनों का चयन करें-**

1. शेवरॉय पर्वत तमिलनाडु में स्थित है।
2. वेलीकोंडा पर्वत आंध्रप्रदेश में स्थित है।

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**72. सत्य कथन/कथनों का चयन करें-**

1. पारसनाथ हील छोटानागपुर पठार की सर्वोच्च चोटी है।
2. बघेलखण्ड का पठार मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ की सीमा पर है।
3. मैसूर के पठार में कावेरी नदी का अपवाह है।

(A) केवल 2 (B) केवल 1
(C) 1, 3 (D) 1, 2, 3

**73. कयाल (लैगून) पाये जाते हैं-**

(A) मालाबार तट पर (B) कोंकण तट पर
(C) कन्नड़ तट पर (D) काठियावाड़ तट पर

**74. असत्य कथन/कथनों का चयन करें-**

1. तुलबुल परियोजना - चेनाब नदी
2. उरी परियोजना - झेलम नदी
3. फरक्का परियोजना - यमुना नदी

(A) केवल 3 (B) 2, 3
(C) 1, 3 (D) केवल 2

**75. गंगा नदी को राष्ट्रीय नदी का दर्जा मिला-**

(A) 2005 (B) 2008
(C) 2010 (D) 2006

**76. असत्य कथन/कथनों का चयन करें-**

1. गोविन्द राष्ट्रीय उद्यान - उत्तरप्रदेश
2. नेवोरा घाटी राष्ट्रीय उद्यान - उत्तराखण्ड
3. इंटाकी राष्ट्रीय उद्यान - नागालैंड

(A) 1, 3 (B) केवल 2
(C) 1, 2 (D) केवल 3

77. **कहवा उत्पादन में अग्रणी राज्य है?**
(A) उत्तरप्रदेश (B) तमिलनाडु
(C) पश्चिम बंगाल (D) कर्नाटक

78. **असत्य कथन/कथनों का चयन करें-**
1. देश में उपलब्ध लौह अयस्क में सर्वाधिक हेमेटाइट किस्म का लोहा पाया जाता है।
2. लौह अयस्क उत्पादन में भारत का चौथा स्थान है।
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

79. **क्रोमाइट उत्पादन में किस राज्य का एकाधिकार है?**
(A) झारखण्ड (B) ओडिशा
(C) महाराष्ट्र (D) बिहार

80. **सत्य कथन/कथनों का चयन करें-**
1. झरिया कोयला उत्पादन क्षेत्र झारखण्ड में है।
2. रानीगंज कोयला उत्पादन क्षेत्र मध्यप्रदेश में है।
3. उमरिया कोयला उत्पादन क्षेत्र छत्तीसगढ़ में है।
(A) केवल 1 (B) 1, 2
(C) 2, 3 (D) 1, 3

81. **राष्ट्रीय जल विद्युत निगम की स्थापना कब हुई?**
(A) 1975 (B) 1980
(C) 1970 (D) 1985

82. **देश का प्रथम परमाणु ऊर्जा स्टेशन कब स्थापित किया गया था?**
(A) 1968 (B) 1969
(C) 1967 (D) 1970

83. **निम्न में से किस लौह इस्पात संयंत्र को कोयले की स्थानीय आपूर्ति उपलब्ध नहीं है?**
(A) HSL दुर्गापुर (B) HSL भिलाई
(C) VSL भद्रावती (D) TISCO जमशेदपुर

84. **सार्वजनिक क्षेत्र का प्रथम पेट्रो-रसायन कारखाना कहाँ स्थापित किया गया?**
(A) महाराष्ट्र (B) गुजरात
(C) मध्यप्रदेश (D) कर्नाटक

85. **निम्न में से असुमेलित युग्म है-**

| **रेलवे जोन** | **मुख्यालय** |
|---|---|
| (A) उत्तर-पूर्व रेलवे | गोरखपुर |
| (B) दक्षिण-पूर्वी रेलवे | भुवनेश्वर |
| (C) पूर्वी रेलवे | कोलकाता |
| (D) दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे | बिलासपुर |

86. **राजस्थान में न्यूनतम साक्षरता किस संभाग की है?**
(A) जोधपुर (B) उदयपुर
(C) भरतपुर (D) बीकानेर

87. **असुमेलित युग्म का चयन कीजिए -**

| **पर्वत चोटी** | **ऊँचाई** |
|---|---|
| (A) खोह | 920 मी. |
| (B) भैराच | 792 मी. |
| (C) बिलाली | 875 मी. |
| (D) बरवाड़ा | 786 मी. |

88. **राजस्थान का चेरापूंजी किसे कहते हैं?**
(A) माउंट आबु (B) सिरोही
(C) झालावाड़ (D) बांसवाड़ा

89. राजस्थान में रेवेरिना मृदा का विस्तार है-

(A) श्रीगंगानगर (B) बीकानेर

(C) कोटा (D) डूंगरपुर

90. राजस्थान में शुष्क सागवान वन किस क्षेत्र में मिलते हैं?

(A) उत्तरी भाग (B) दक्षिणी भाग

(C) पूर्वी भाग (D) पश्चिमी भाग

91. निम्न में से असुमेलित युग्म का चयन कीजिए -

| वन्य जीव/शुभंकर | जिला |
|---|---|
| (A) हंस | नागौर |
| (B) चौसिंगा | चित्तौड़गढ़ |
| (C) उद्बिलाव | कोटा |
| (D) मोर | भीलवाड़ा |

92. सुमेलित कीजिए -

| नदी | सहायक नदी |
|---|---|
| (क) लूनी | (1) वाकल |
| (ख) माही | (2) परवन |
| (ग) साबरमती | (3) जवाई |
| (घ) कालीसिंध | (4) सोम |

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

93. माही बजाज सागर परियोजना के संबंध में सत्य कथन/कथनों का चयन कीजिए-

1. यह गुजरात और राजस्थान की संयुक्त परियोजना है।
2. इस योजना की स्थापित विद्युत क्षमता का पूर्ण स्वामित्व राजस्थान के पास है।

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1, 2 (D) इनमें से कोई नहीं

94. इंदिरा गांधी परियोजना के संबंध में असत्य युग्म का चयन कीजिए -

| लिफ्ट नहर | लाभान्वित जिले |
|---|---|
| (A) कुँवरसेन लिफ्ट नहर | बीकानेर, श्रीगंगानगर |
| (B) भैरूदान बागड़सर | बीकानेर, नागौर |
| (C) फलौदी लिफ्ट नहर | जोधुपर, बीकानेर, जैसलमेर |
| (D) नोहर साहबा लिफ्ट नहर | हनुमानगढ़, चूरू, बीकानेर |

95. राजस्थान में फ्लोराइड उत्पादन में अग्रणी जिला कौन-सा है?

(A) बांसवाड़ा (B) प्रतापगढ़

(C) डूंगरपुर (D) चित्तौड़गढ़

96. राजस्थान में कितने जिलों का जनसंख्या घनत्व राजस्थान के औसत जनसंख्या घनत्व (200) से अधिक है?

(A) 17 (B) 19

(C) 18 (D) 20

97. राजस्थान किसान ऊर्जा मित्र योजना का शुभारंभ कब किया गया?

(A) 17 जुलाई, 2021 (B) 17 सितंबर, 2021

(C) 17 मई, 2021 (D) 17 दिसंबर, 2021

98. 31 मार्च, 2021 तक राजस्थान में राज्य राजमार्गों की लम्बाई कितनी है?

(A) 10618 किमी. (B) 15544 किमी.

(C) 8964 किमी. (D) 54745 किमी.

99. राजस्थान में मक्का उत्पादक प्रमुख क्षेत्र कौन-सा है?

(A) उत्तरी भाग (B) दक्षिणी भाग

(C) पूर्वी भाग (D) पश्चिमी भाग

100. निम्न में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) ऊँट महोत्सव - बीकानेर

(B) हाथी महोत्सव - जयपुर

(C) मरु महोत्सव - जैसलमेर

(D) थार महोत्सव - जैसलमेर

101. प्रस्तावना में न्याय का कौन-सा रूप शामिल है?

(A) सामाजिक (B) आर्थिक

(C) राजनैतिक (D) उपरोक्त सभी

102. किस अनुच्छेद में बालश्रम का निषेध किया गया है?

(A) अनुच्छेद-23 (B) अनुच्छेद-24

(C) अनुच्छेद-25 (D) अनुच्छेद-26

103. मद्रास राज्य बनाम चम्पाकम दोराई मामला किससे संबंधित था?

(A) राज्यपाल (B) नीति निदेशक तत्व

(C) प्रधानमंत्री (D) मौलिक कर्त्तव्य

104. मौलिक कर्त्तव्यों के संबंध में सत्य कथन है/हैं-

1. ये कानूनी तौर पर लागू किये जा सकते हैं।

2. ये विदेशी नागरिकों पर भी लागू होते हैं।

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

105. अनुच्छेद-297 में संशोधन किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा किया गया?

(A) 39वाँ (B) 40वाँ

(C) 41वाँ (D) 42वाँ

106. संसद व विधानसभा में से किसी एक सदन का सदस्य होने का उल्लेख किस अनुच्छेद में है?

(A) अनुच्छेद-99 (B) अनुच्छेद-100

(C) अनुच्छेद-101 (D) अनुच्छेद-102

107. लोकसभा सदस्य की योग्यता है/हैं-

1. वह भारत का नागरिक हो।

2. न्यूनतम आयु 30 वर्ष हो।

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

108. राज्यपाल के कार्यकाल का उल्लेख किस अनुच्छेद में है?

(A) अनुच्छेद-56 (B) अनुच्छेद-58

(C) अनुच्छेद-155 (D) अनुच्छेद-156

109. उपराष्ट्रपति, जिनकी मृत्यु पद पर रहते समय हुई-

(A) एम. हिदायतुल्ला (B) मोहम्मद हामिद अंसारी

(C) कृष्णकांत (D) शंकरदयाल शर्मा

110. राज्यपाल के संबंध में सत्य कथन है/हैं-

1. राज्यपाल अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति को सौंपता है।

2. राष्ट्रपति कभी राज्यपाल को पद से मुक्त नहीं कर सकते हैं।

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

111. संविधान में निम्न में से किसके पद का कोई प्रावधान नहीं है?

(A) लोकसभा उपाध्यक्ष (B) उपमुख्यमंत्री

(C) राज्यसभा सभापति (D) राज्यपाल

112. विधानसभा अध्यक्ष अपना त्यागपत्र किसे सौंपता है?

(A) विधानसभा उपाध्यक्ष (B) राज्यपाल

(C) मुख्यमंत्री (D) राष्ट्रपति

**113. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर प्रतिबंध का उल्लेख किस अनुच्छेद में है?**

(A) अनुच्छेद-223　　(B) अनुच्छेद-220
(C) अनुच्छेद-17　　(D) अनुच्छेद-21

**114. निम्नलिखित निर्णय किस वाद से संबंधित हैं?**

1. प्रस्तावना शक्ति का स्त्रोत नहीं है।
2. प्रस्तावना, विधायिका की शक्तियों पर प्रतिबंध का अर्थ स्पष्ट करने के लिए उपयोगी है।

(A) केशवानन्द भारती वाद
(B) रघुनाथ बनाम भारत संघ वाद
(C) गोलकनाथ वाद
(D) बेरूबारी बनाम भारत संघ वाद

**115. धार्मिक कार्यों के प्रबंध की स्वतंत्रता से संबंधित अनुच्छेद है?**

(A) अनुच्छेद -27　　(B) अनुच्छेद -25
(C) अनुच्छेद -24　　(D) अनुच्छेद -26

**116. वैश्विक नवाचार सूचकांक-2022 में भारत का स्थान कौन-सा रहा?**

(A) 40वाँ　　(B) 42वाँ
(C) 48वाँ　　(D) 36वाँ

**117. कौन-सा जिला देश का पहला 'हर घर तिरंगा' प्रमाणित जिला बना है?**

(A) बुरहानपुर　　(B) इन्दौर
(C) भोपाल　　(D) रतलाम

**118. हाल ही में रामसर सूची में शामिल करीकिली पक्षी अभयारण्य कहाँ स्थित है?**

(A) मध्यप्रदेश　　(B) मिजोरम
(C) तमिलनाडु　　(D) आंध्रप्रदेश

**119. विम्बलडन चैम्पियनशिप-2022 में पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?**

(A) राफेल नडाल　　(B) रोजर फेडरर
(C) नोवाक जोकोविच　　(D) निक किर्गीयोस

**120. इंडिया इनोवेशन इण्डेक्स-2021 में शीर्षस्थ राज्य कौन-सा रहा?**

(A) तेलंगाना　　(B) महाराष्ट्र
(C) हरियाणा　　(D) कर्नाटक

**121. हाल ही में किस स्पेस एजेंसी द्वारा छोटे उपग्रह 'क्यूबसैट कैपस्टोन' को लॉन्च किया गया?**

(A) नासा　　(B) स्पेस एक्स
(C) इसरो　　(D) जाक्सा

**122. ट्रेवल प्लस लेजर की विश्व के सर्वश्रेष्ठ शहरों की सूची में राजस्थान के किन दो शहरों को शामिल किया गया है?**

(A) जयपुर, अजमेर　　(B) जयपुर, उदयपुर
(C) जयपुर, जोधपुर　　(D) जयपुर, बीकानेर

**123. हाल ही में राज्य सरकार द्वारा महाराणा प्रताप पुरस्कार की राशि 1 लाख रुपए से बढ़ाकर कितनी की?**

(A) 2.5 लाख　　(B) 3 लाख
(C) 7.5 लाख　　(D) 5 लाख

**124. हाल ही में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जमनालाल बजाज ऑडिटोरियम का शिलान्यास कहाँ किया?**

(A) जयपुर　　(B) जोधपुर
(C) सीकर　　(D) झुन्झुनूं

**125. हाल ही में किस जिले में 'पोषण स्वराज अभियान' का संचालन किया गया?**

(A) उदयपुर (B) बांसवाड़ा

(C) डूंगरपुर (D) प्रतापगढ़

**126. A.L.U. का पूर्ण रूप है-**

(A) Arithmetic Logic Unit

(B) Arroy Logic Unit

(C) Appliction Logic Unit

(D) Artificial Logic Unit

**127. निम्न में से कौन-सी इनपुट डिवाइस नहीं है?**

(A) माइक्रोफोन (B) स्टाइलस

(C) माउस (D) प्रिंटर

**128. इनपुट डिवाइस वे डिवाइस होते हैं जो-**

1. यूजर को डाटा देता है।

2. यूजर से डाटा लेता है।

3. सी.पी.यू. को डाटा देता है।

(A) 1, 2 (B) 2, 3

(C) 1, 3 (D) इनमें से कोई नहीं

**129. कम्प्यूटर में हाल ही में हटाई गई (डिलीट की गई) फाइल कम्प्यूटर में कहाँ संग्रहित होती है?**

(A) टास्क बार में (B) डेस्कटॉप पर

(C) माई कम्प्यूटर में (D) रिसाइकिल बिन में

**130. निम्न में से किस भाषा का उपयोग गणितीय क्षेत्र में किया जाता है?**

(A) फोट्रोन (B) कोबोल

(C) एल्गोल (D) इनमें से कोई नहीं

**131. किस विकल्प में संधि-विच्छेद सही किया गया है?**

(A) अत: + एव = अतैव (B) मन: +उच्छेद = मनोच्छेद

(C) तत: + एव = तथैव (D) तेज:+आभास=तेजआभास

**132. उपसर्ग की दृष्टि से असंगत विकल्प छांटिए -**

(A) प्रति - प्रत्यर्पण, प्रतीक्ष्य, प्रतीक

(B) परि - पर्यंक, पारिभाषिक, पर्युषण

(C) सु - स्वस्तिक, स्वल्प, स्वाधीन

(D) अति - अत्यावश्यक, अत्युक्ति, अतीत

**133. किस विकल्प में अव्ययीभाव समास का प्रयोग हुआ है?**

(A) नीरव (B) जगसुहाता

(C) आनन्दमय (D) आरामकुर्सी

**134. 'लब्ध-प्रतिष्ठित' शब्द अशुद्ध है। अशुद्धि का क्या कारण हो सकता है?**

(A) संधि प्रक्रिया (B) सामासिक प्रक्रिया

(C) उपसर्ग प्रक्रिया (D) शब्द व्युत्पत्ति प्रक्रिया

**135. 'चार अतिथि आ गये हैं, उसको जलपान कराना है' में किस तरह की अशुद्धि है?**

(A) लिंग संबंधी अशुद्धि (B) वचन संबंधी अशुद्धि

(C) क्रिया संबंधी अशुद्धि (D) कारक संबंधी अशुद्धि

**136. विलोम की दृष्टि से कौन-सा युग्म अशुद्ध है?**

(A) आयात - निर्यात (B) दृश्य - अदृश्य

(C) प्रत्यक्ष - परोक्ष (D) आमिष - सामिष

**137. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'मेघ' का पर्यायवाची नहीं है?**

(A) पयोधर (B) जलधर

(C) वारिधर (D) दामोदर

138. 'भूखे को अन्न दो और प्यासे को जल' वाक्य में उचित कारक का चयन कीजिए-

(A) कर्म कारक (B) अधिकरण कारक
(C) सम्प्रदान कारक (D) अपादान कारक

139. 'रीतिबोधक और परिणामबोधक' क्रियाविशेषण में जब तुलना का भाव पाया जाए तो वे....अव्यय बन जाते हैं। 'रिक्त स्थान की पूर्ति करें-

(A) संबंधसूचक (B) विशेषणवाचक
(C) समुच्यबोधक (D) प्रक्रियाविशेषण

140. किस वाक्य में विशेषण संबंधी अशुद्धि है?

(A) अंगूर बहुत खट्टे हैं।
(B) किसी दूसरे लड़के को बुलाओ।
(C) लगभग बीस महिलाएँ पानी भर रही थीं।
(D) तुम्हारी बात थोड़ी ठीक है।

141. Identify the Tense in the sentence given below :

I see a flat stretch of ground.

(A) Present simple (B) Past simple
(C) Present perfect (D) Present continuous

142. From given choose the one which best express the given sentence in Passive/Active voice.

You are teasing them.

(A) They were being teased by you.
(B) They have been teasing by you.
(C) They are teasing by you.
(D) They are being teased by you.

143. From the given alternatives choose the one which best express the given sentence in Indirect/Direct speech-

He asked his teacher, "Need I read this chapter."

(A) He asked her teacher if he had to read that chapter.
(B) He asked his teacher if he have to read the chapter.
(C) He asked his teacher if he had to read that chapter.
(D) He asked his teacher if he can read that chapter.

144. Fill in the blank with correct Article/Preposition/Determiner.

She got her licence without .......... problems.

(A) some (B) a few
(C) any (D) every

145. Choose the correct Antonym :

JUVENILE

(A) Young (B) Callow
(C) Childish (D) Mellow

146. यदि 2750 नारियलों का क्रय-मूल्य, 2500 नारियलों के विक्रय-मूल्य के बराबर हो तो विक्रेता को मिलेगा?

(A) 10% हानि (B) 5% लाभ
(C) 10% लाभ (D) 15% हानि

147. एक कमरे की लम्बाई 10 मी., चौड़ाई 8 मी. तथा ऊँचाई 4 मीटर है तो उस कमरे में अधिकतम कितनी लम्बाई की छड़ रखी जा सकती है?

(A) $6\sqrt{5}m$ (B) $3\sqrt{2}m$
(C) $5\sqrt{5}m$ (D) $2\sqrt{5}m$

148. 45° को रेडियन में परिवर्तित कीजिए-

(A) $\frac{\pi}{6}$ रेडियन (B) $\frac{\pi}{4}$ रेडियन
(C) $\frac{\pi}{2}$ रेडियन (D) $\frac{\pi}{3}$ रेडियन

149. $\frac{498\times498\times498-169\times169\times169}{498\times498+498\times169\times+169\times169}$ को सरल कीजिए-

(A) 329 (B) 4
(C) 920 (D) 510

150. निम्न दशमलव भिन्नों में सबसे छोटी भिन्न है-

(A) 8415.2958 (B) 8415.9000
(C) 8415.1987 (D) 8415.8999

# उत्तरमाला प्रैक्टिस पेपर - 8 (व्याख्या सहित)

1. **व्याख्या :** (C) सार्जेण्ट आयोग का गठन 1944 ई. में जॉन सार्जेण्ट की अध्यक्षता में किया गया था। इसका उद्देश्य - शिक्षा का विकास करना था।
- इस समय भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड बेवल थे।

2. **व्याख्या :** (B) बारदौली सत्याग्रह 1928 में सूरत के बारदौली क्षेत्र में हुआ। इस सत्याग्रह का नेतृत्व सरदारवल्लभ भाई पटेल द्वारा किया गया था।

3. **व्याख्या :** (B) 1938 के हरिपुरा अधिवेशन की अध्यक्षता सुभाषचन्द्र बोस द्वारा की गई थी। इस अधिवेशन में 'राष्ट्रीय योजना कमेटी' का गठन किया गया, जिसका अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू को बनाया गया।

4. **व्याख्या :** (C) हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन 1924 में बंगाल में किया गया था, इसके संस्थापक शचीन्द्रनाथ सान्याल, रामप्रसाद बिस्मिल व योगेश चटर्जी थे।

5. **व्याख्या :** (C) सविनय अवज्ञा आंदोलन 12 मार्च, 1930 को शुरू किया गया, इसके तहत महात्मा गांधी ने साबरमती से दांडी तक 390 किमी. की पदयात्रा की।

6. **व्याख्या :** (A) सुभाषचन्द्र बोस ने मई, 1939 ई. में फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की थी।

7. **व्याख्या :** (D) नादिरशाह ने 1738-39 में दिल्ली पर आक्रमण किया था, उस समय मुगल बादशाह मुहम्मद शाह थे।

8. **व्याख्या :** (B) गोपाल हरि देशमुख महाराष्ट्र में नई शिक्षा और सामाजिक सुधारों के प्रवक्ता थे।
इन्हें **लोकहितवादी** उपनाम से भी जाना जाता है।

9. **व्याख्या :** (D) राष्ट्रीय आंदोलन के उदारवादी नेता - दादाभाई नौरोजी, फिरोजशाह मेहता, बदरूद्दीन तैय्यब जी, सुरेन्द्रनाथ बनर्जी।
उग्रवादी नेता - बाल गंगाधर तिलक, विपिनचन्द्र पाल, अरविन्द घोष, लाला लाजपत राय।

10. **व्याख्या :** (A) 1906 के कलकत्ता अधिवेशन की अध्यक्षता दादाभाई नौरोजी ने की थी। इस अधिवेशन में सर्वप्रथम स्वराज की माँग की गई थी।

11. **व्याख्या :** (C) हर्षवर्धन ने उत्तरी व दक्षिणी भारत में अपनी सत्ता स्थापित की। हर्ष को भारत का अंतिम हिन्दू सम्राट कहा जाता है। हर्ष ने वल्लभी के शासक ध्रुवसेन द्वितीय से अपनी पुत्री का विवाह किया। हर्षवर्धन अपनी दानशीलता के लिए प्रसिद्ध था।

12. **व्याख्या :** (D) बाल गंगाधर तिलक - इनका जन्म 23 जुलाई, 1856 को रत्नगिरी (महाराष्ट्र) में हुआ। 1881 ई. में 'द मराठा' (अंग्रेजी) एवं केसरी (मराठी) नामक साप्ताहिक पत्र निकाले। 1 अगस्त, 1920 को इनका बम्बई में निधन हो गया।

13. **व्याख्या :** (D) दायमाबाद (महाराष्ट्र) - सबसे बड़ा स्थल रथ चलाते हुए मनुष्य, सांड, गैंडे व हाथी की ताँबे की मूर्ति यहाँ से प्राप्त हुई हैं। यहाँ से गेहूं, जौ, चावल, मसूर व मटर के अवशेष प्राप्त हुए हैं। कलश शवाधान तथा काले पॉलिश मुक्त या हल्के पाण्डुरंग वाले मृदभाण्ड भी यहाँ से प्राप्त हुए हैं।

14. **व्याख्या :** (B) प्रारंभ में अशोक ब्राह्मण धर्म में विश्वास करता था। कल्हण की राजतरंगिणी के अनुसार अशोक के ईष्टदेव शिव थे। बाद में आजीवक गुरू मोगलिपुत्र तिस्स के प्रभाव में आ गया। इसके बाद अशोक बौद्ध धर्म में दीक्षित हो गया और भेरीघोष के स्थान पर धम्मघोष अपना लिया।

15. **व्याख्या :** (C) जवाहरलाल नेहरू का जन्म इलाहाबाद में 14 नवंबर, 1889 को हुआ। पिता - मोतीलाल नेहरू। इंग्लैण्ड से पढ़ाई कर 1912 ई. में भारत आये। असहयोग आंदोलन में सन् 1921 में पहली बार गांधी जी से मुलाकात हुई। सन् 1921 में किसान आंदोलन में भाग लेने के कारण पहली बार जेल की यात्रा की।

16. **व्याख्या :** (C) 1921 में बेंगू के किसान मेनाल के भेरूकुण्ड नामक स्थान पर एकत्रित हुए तथा लाग-बाग, बेगार व ऊँचे लगान नहीं देने का निर्णय लिया। किसानों ने विजयसिंह पथिक को आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए आमन्त्रित किया। पथिक ने राजस्थान सेवा संघ के मंत्री रामनारायण चौधरी को आंदोलन का नेतृत्व प्रदान किया।

17. **व्याख्या :** (C) जागीरदारों के जुल्मों के विरुद्ध किसान सभा एवं मारवाड़ लोक परिषद ने 13 मार्च, 1947 को डीडवाना परगने के डाबड़ा गांव में एक संयुक्त अधिवेशन किया, सम्मेलन पर पुलिस हमले में 12 लोगों की मृत्यु हो गई। 3 मार्च, 1948 को महाराजा हनुवन्तसिंह ने जयनारायण व्यास को मुख्यमंत्री बनाया, जिन्होंने उत्तरदायी शासन की स्थापना की दिशा में कदम उठाये।

18. **व्याख्या :** (D) महिला जागरण की दिशा में काम करते हुए शान्ता त्रिवेदी ने उदयपुर प्रजामण्डल के आंदोलनों में स्वयंसेविका के रूप में भाग लिया। महिलाओं के समुचित विकास के लिए इन्होंने 1947 में उदयपुर में 'राजस्थान महिला परिषद' की स्थापना की।

19. **व्याख्या :** (C) नवम्बर, 1878 में दयानन्द सरस्वती पुष्कर पहुँचे तथा वहाँ उपदेश दिए। मार्च, 1881 में उन्होंने जयपुर पहुँचकर वैदिक धर्मसभा की स्थापना की जो बाद में 'आर्य समाज' में परिवर्तित हो गई। राजस्थान में आर्य समाज की स्थापना सर्वप्रथम 13 फरवरी, 1881 को अजमेर में हुई थी।

20. **व्याख्या :** (D) तारागढ़ दुर्ग बिठली पहाड़ी पर स्थित होने के कारण इसे 'गढ़ बिठली' कहते हैं। राजस्थान/राजपूताना को जीतने से पहले इस दुर्ग को विजय करना अनिवार्य था, इसलिए इसे 'राजपूताना की कुंजी' कहते हैं। विशप हैबर ने इसे 'राजस्थान का जिब्राल्टर' कहा है।

21. **व्याख्या :** (B) गंगा मंदिर (भरतपुर) - इस मंदिर की नींव 1846 में बलवन्त सिंह ने रखी थी। 1937 में महाराजा ब्रजेन्द्र सिंह ने इसमें गंगा जी की मूर्ति स्थापित की। यह मंदिर हिन्दू, मुगल एवं बौद्ध शैली में बना हुआ है। यह मंदिर 84 खम्भों पर बना हुआ है।

22. **व्याख्या :** (C) चूरू की हवेलियाँ - मालजी का कमरा, झुराणों के हवामहल, रामविलास गोयनका की हवेली एवं

कन्हैयालाल बागला की हवेली प्रसिद्ध है। चूरू में स्थित सुराणा की हवेली में 1100 खिड़की-दरवाजे हैं। सुजानगढ़ (चूरू) दानचंद चौपड़ा की हवेली स्थित है।

23. **व्याख्या :** (B) अम्बिका माता का मंदिर जगत (उदयपुर) में है। इसी कारण से इन्हें जगत अम्बिका माता भी कहते हैं। यह प्रतिहारकालीन मंदिर है जिसका निर्माण 10वीं सदी में अल्लट ने महामारू शैली में करवाया था। इसे 'मेवाड़ का खजुहारो' भी कहते हैं। 'राजस्थान का खजुहारो' -किराडू (बाड़मेर) को व 'मिनी खजुहारो'- भण्डदेवरा (बारां) को कहते हैं।

24. **व्याख्या :** (C) जैसलमेर चित्रशैली - यह चित्रकला हरराज भाटी के समय प्रारंभ हुई। अखेसिंह भाटी का समय इस चित्रकला का स्वर्णकाल था। इस चित्रशैली में लोद्रवा की राजकुमारी मूमल व अमरकोट के राजा महेन्द्र की प्रेम कहानी के चित्र हैं। इस चित्रशैली का किसी भी चित्रशैली पर प्रभाव नहीं पड़ा।

25. **व्याख्या :** (B) बेसरी - इसमें नाचते मोर की आकृति होती है जो नाक में पहनी जाती है। बणी-ठणी चित्र में नायिका के नाक में बेसरी पहनायी गई है। नाक के अन्य आभूषण - वारी, कांटा, चूनी, लौंग, लटकन, चोप, बलनी, कोकौ, खींवण, नकफूल, नथ-बिजली, बुलाक, फीणी (मोटा लूंग), तिल्ली आदि।

26. **व्याख्या :** (D) गौरांग महाप्रभु चैतन्य का जन्म 1485 ई. में नवद्वीप (बंगाल) में हुआ। माध्वाचार्य इनके गुरु थे। इन्होंने गौड़ीय सम्प्रदाय की स्थापना की, जिसमें भगवान कृष्ण की पूजा होती है। इन्होंने सर्वप्रथम कीर्तन व नृत्य को ईश्वर भक्ति का अंग माना। इनके विचारों को आधुनिक वैष्णववाद कहते हैं। गौड़ीय सम्प्रदाय की प्रधान पीठ गोविन्ददेव जी (सिटी पैलेस, जयपुर) का मंदिर है।

27. **व्याख्या :** (C) दाबू प्रिंट, अकोला, चित्तौड़गढ़ की प्रसिद्ध है। इस प्रिंट में जिस स्थान पर रंग नहीं चढ़ाना हो, उस स्थान को लेई या लुगदी से दबा देते हैं। दाबू प्रिंट में लाल व हरा रंग प्रयोग में लाया जाता है। मोम का दाबू/मेण सवाई माधोपुर का प्रसिद्ध है। मिट्टी का दाबू बालोतरा (बाड़मेर) का प्रसिद्ध है।

28. **व्याख्या :** (B) अग्नि नृत्य कतरियासर (बीकानेर) का प्रसिद्ध है। इस नृत्य को जसनाथी सम्प्रदाय के लोग करते हैं। इस सम्प्रदाय के लोग 'फते-फते' नारे के साथ अंगारों पर चलना, अंगारों को दांतों से तोड़ना आदि कलाएँ दिखाते हैं। यह नृत्य जाट सिंह द्वारा चैत्र व फाल्गुन शुक्ल सप्तमी को किया जाता है।

29. **व्याख्या :** (A) रसिया दंगल - यह डीग (भरतपुर) की प्रसिद्ध है।
कन्हैया दंगल - यह करौली की प्रसिद्ध है। रामायण व महाभारत के प्रसंग कहे जाते हैं।
कादरा-भूतरा दंगल - यह गीजगढ़ (जयपुर) की प्रसिद्ध है। इसमें प्रयुक्त सभी मुखौटे भगतजी के मंदिर में रखे जाते हैं।
भेंट दंगल - यह धौलपुर के बाड़ी - बसेड़ी का प्रसिद्ध है।

30. **व्याख्या :** (B) चीपिया - लोहे की दो डंडियों से बने इस वाद्ययंत्र पर मंजीरे के आकार की छोटी-छोटी प्याली लगी होती है। डंडियों के आपस में टकराने से आवाज आती है। यह साधु-सन्यासियों द्वारा बजाया जाता है। अन्य घन वाद्ययंत्र - टाली, टन्कोरा, कागरछ, टोकरा, मंजीरा, झांझ, सांकल, घुंघरू, रमझोल, खड़ताल आदि।

31. **व्याख्या :** (D) गति का प्रथम नियम **जड़त्व का नियम** कहलाता है, जो बल की परिभाषा के अर्थ को समझाता है। काँच पर गोली दागने पर काँच में छिद्र होना स्थिरावस्था का जड़त्व है। गीले कपड़े को फटकारने पर बूंदों का अलग होना स्थिरावस्था का जड़त्व है। क्षैतिज गति कर रहे वायुयान से भोजन के पैकेट गिराना, सीट बेल्ट का बाँधना आदि सभी में गतिशील अवस्था का जड़त्व नियम लागू होता है। संवेग का नियम/गति का दूसरा नियम बल का सूत्र/परिमाण/मान/मात्रा को बताता है। इस नियमानुसार संवेग में परिवर्तन की दर बल के समानुपाती होती है। $F \alpha \frac{\Delta p}{\Delta t}$

32. **व्याख्या :** (B) हमारे शरीर में खाना पचाने के बाद प्राप्त ऊर्जा का कुछ भाग विद्युत ऊर्जा में बदल जाता है जो हमारे स्नायु तंत्र से होकर मस्तिष्क तक पहुँचता है। इसके अलावा हृदय की धड़कनों के लिए भी विद्युत संकेतों की आवश्यकता होती है। मस्तिष्क द्वारा जो भी संकेत शरीर के किसी भी अंग तक पहुँचाये जाते हैं वो विद्युत पल्स के रूप में ही होते हैं।

33. **व्याख्या :** (B) समुद्र में गहराई पर जाने पर दाब बढ़ता है अत: दाब के इस मान को सहन करने के लिए गोताखोर विशेष प्रकार की पोशाख पहनते हैं व पनडुब्बियाँ मजबूत बनायी जाती हैं। यदि पानी की तली में बुलबुला का आकार छोटा दिखाई देता है (दाब के कारण)। अंतरिक्ष में वायुदाब = 0 अत: अंतरिक्ष में रूधिर नलिकाएँ फट जाती है। इससे बचने के लिए अंतरिक्ष यात्री विशेष प्रकार की पोशाख पहनते हैं।

34. **व्याख्या :** (A) रूई का बोरा (रूई के बोरे पर वायु की अधिक उत्प्लावकता लगेगी जिसके कारण रूई के बोरे का वास्तविक द्रव्यमान कम हो जाता है।) उत्प्लावकता = विस्थापित द्रव का भार
उत्प्लावकता = आयतन $\times$ घनत्व $\times g$

35. **व्याख्या :** (A) कल-कारखानों की चिमनियों से कालिख हटाने में पराश्रव्य तरंगों का उपयोग किया जाता है। ध्वनि की चाल में माध्यम की आवश्यकता होती है। ध्वनि की चाल निर्वात में शून्य होती है। चन्द्रमा पर एक हॉर्न से ध्वनि उत्पन्न की जाती है तो यह ध्वनि चन्द्रमा पर निर्वात् होने के कारण सुनाई ही नहीं देती है।

36. **व्याख्या :** (B) निर्वात् में प्रकाश की चाल 'C' तथा माध्यम में प्रकाश की चाल 'v' का अनुपात माध्यम का अपवर्तनांक कहलाता है। अपवर्तनांक माध्यम की प्रकृति घनत्व एवं प्रकाश के रंग (तरंगदैर्ध्य) पर निर्भर करता है। बैंगनी रंग के प्रकाश के लिए अपवर्तनांक सबसे अधिक होता है। जबकि लाल रंग के प्रकाश के लिए अपवर्तनांक सबसे कम। निर्वात् का अपवर्तनांक = 1 काँच का अपवर्तनांक 1.50° तथा हीरे का अपतर्वनांक 0.42°, जल का अपवर्तनांक 1.33° होता है।

37. **व्याख्या :** (A) चुम्बकीय क्षेत्र की तीव्रता एक सदिश राशि है। इसके मात्रक को न्यूटन/एम्पियर मीटर अथवा वेबर मी.$^{-2}$ या टेसला कहते हैं। स्थाई चुम्बक बनाने में स्टील का प्रयोग किया जाता है। चुम्बकशीलता का मात्रक हेनरी/मी. होता है। 2A अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल वाले तार का प्रतिरोध न्यूनतम होता है।

38. **व्याख्या :** (B) वह पदार्थ जो दो या दो से अधिक तत्वों या यौगिकों के किसी भी अनुपात में मिलाने से प्राप्त होता है, मिश्रण कहलाता है। इसे सरल यांत्रिक विधि द्वारा पुन: प्रारंभिक अवयवों में प्राप्त किया जा सकता है।
जैसे - हवा, समुद्री जल व पीतल।

39. **व्याख्या :** (A) किसी रेडियोएक्टिव पदार्थ की आधी मात्रा के विघटन में जितना समय लगता है उसे उसका अर्द्ध-आयुकाल कहते हैं। पृथ्वी की आयु निर्धारण में यूरेनियम के समस्थानिक U-238 का प्रयोग किया जाता है।

40. **व्याख्या :** (C) सोडावाटर में नींबू का रस डालते ही बुलबुले निकलते हैं, क्योंकि सोडावाटर में क्षार होता है जो अम्लों से क्रिया करके गैस बनाते हैं, जिससे बुलबुले उठते हैं। पुताई करते समय चूने में पानी मिलाने पर बुलबुले उठते हैं क्योंकि यह $CO_2$ गैस निकालता है।

41. **व्याख्या :** (B) रबर को दूध लेक्टेस कहते हैं। यह वस्तुत: आइसोप्रीन का बहुलक है। कृत्रिम स्त्रोतों से प्राप्त रबर को संश्लेषित रबर कहा जाता है। टायर के निर्माण में रबर के साथ 5% से 10% सल्फर मिलाया जाता है। कृत्रिम रबर की खोज मैथ्यूज एवं हैरिस वैज्ञानिक ने की। कृत्रिम रबर ब्यूना-s, ब्यूना-n, निओप्रीन आदि होते हैं।

42. **व्याख्या :** (A) सर्वाधिक शुद्ध सोना = 24 कैरेट
1 कैरेट = 205 mg या 0.205 ग्राम
आभूषण बनाने में 22 कैरेट सोना काम में लेते हैं।
आभूषण बनाने में = सोना (92%) + ताँबा (8%)

$$\text{सोने की \% शुद्धता} = \frac{\text{दी गई मात्रा}}{\text{कुल मात्रा}} \times 100$$

43. **व्याख्या :** (D) आवर्त सारणी में शून्य वर्ग में 6 तत्व होते हैं- हीलियम, निऑन, आर्गन, क्रिप्टॉन, जीनॉन और रेडॉन। ये सभी तत्व रासायनिक रूप से निष्क्रिय होते हैं। अत: इन तत्वों को अक्रिय गैसें या उत्कृष्ट गैसें कहते हैं।

44. **व्याख्या :** (A) मनुष्य की रुधिराणु (इरीथ्रोसाइट) की झिल्ली में लगभग 52% प्रोटीन व 40% लिपिड मिलता है। झिल्ली में पाए जाने वाले प्रोटीन को अलग करने की सुविधा के आधार पर दो भागों अंगभूत व परिधीय प्रोटीन में विभक्त कर सकते हैं। परिधीय प्रोटीन झिल्ली की सतह पर होता है।

45. **व्याख्या :** (A) मेण्डल ने मटर के पौधे में विभिन्न विपर्यासी लक्षणों को प्राप्त किऐ थे। मेण्डल ने पादप की ऊँचाई लम्बा तथा बौना बताया है। पुष्प की स्थिति कक्षीय व अग्रस्थ होती है। परिपक्व फली की आकृति फूली हुई व संकीर्णित होती है। मेण्डल ने पुष्प का प्रभावी रंग बैंगनी तथा अप्रभावी रंग सफेद बताया था।

46. **व्याख्या :** (C) मछलियों का उत्पादन खारे जल की तुलना में मीठे जल में अधिक होता है। कामन कार्प विदेशी मछली है जो मछलीपालन के लिए उपयुक्त है। जलाशय निर्माण की दृष्टि से चिकनी मिट्टी वाले स्थान को जलाशय निर्माण की दृष्टि से अच्छा माना जाता है। इस जलाशय का तापमान, प्रकाश, ऑक्सीजन, जल प्रवाह आदि नियंत्रित करके मछलियों का अधिक उत्पादन किया जा रहा है।

47. **व्याख्या :** (B) अधिवृक्क ग्रन्थि को **आपातकालीन हार्मोन** भी कहा जाता हैं क्योंकि ये हार्मोन शरीर को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित रखने का काम करते हैं। ऐसी स्थिति में ये हार्मोन अधिक तेजी से स्त्रावित होते हैं तथा अनेकों कार्य; जैसे- हृदय की धड़कन, श्वसन दर, पुतलियों का फैलाव आदि को नियंत्रित करते हैं।

48. **व्याख्या :** (D) नोबेल पुरस्कार विजेता चिकित्साशास्त्री राबर्ट लान्जा ने खगोलशास्त्री बोब बर्मन के साथ 2007 में जैव-केन्द्रिता का सिद्धांत प्रतिपादित किया। इस सिद्धांत के अनुसार विश्व का अस्तित्व जीवन के कारण है, अत: चेतना ही सृष्टि के स्वरूप को समझने का सच्चा मार्ग हो सकता है। बिना चेतना के विश्व की कल्पना नहीं की जा सकती।

49. **व्याख्या :** (B) एड्स एक विषाणुजनित रोग है। एड्स का विषाणु एच.आई.वी. कहलाता है। यह एक आर.एन.ए. विषाणु है। एड्स का विषाणु बंदरों से मानव में पहुँचा। यह सर्वप्रथम अफ्रीकी मानवों में पाया गया था। एड्स का विषाणु रिट्रोवायरस परिवार का एक लेन्टे विषाणु होता है।

50. **व्याख्या :** (A) विटामिन-$B_1$ (थाइमीन) सामान्य कार्बोहाइड्रेट के उपापचय तथा तंत्रिका तंत्र की कार्यिकी के लिए आवश्यक है। विटामिन-$B_1$ के कारण बेरी-बेरी रोग (पैर की पेशियाँ कमजोर हो जाती है) होता है। विटामिन-$B_1$ का यीस्ट, गेहूं, चना, दालें, मूँगफली, फलियाँ आदि प्रमुख स्रोत हैं। विटामिन-$B_2$ सहएंजाइम का भाग स्वस्थ त्वचा तथा मुख्य श्लेष्मा को नियमित करता है। इसके कारण चेलोसिस रोग होता है।

51. **व्याख्या :** (D) राजकोषीय घाटा जीडीपी का 6.8% है। (राजकोषीय घाटा = कुल व्यय - उधार को छोड़कर कुल प्राप्तियां) राजस्व घाटा जीडीपी का 5.1% रहा है।

52. **व्याख्या :** (A) वर्तमान में निम्न वस्तुओं को जीएसटी में शामिल नहीं किया गया है। शराब, विद्युत व पेट्रोलियम पदार्थ। जीएसटी की वर्तमान में 4 दरें हैं- 5%, 12%, 18% व 28%।

53. **व्याख्या :** (B) भारतीय महिला बैंक की स्थापना 19 नवंबर, 2013 को की गई। इसका मुख्यालय दिल्ली में है। इसका उद्देश्य बैंकिंग क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका बढ़ाना है।

54. **व्याख्या :** (B) मौद्रिक नीति समिति का गठन 27 जून, 2016 को किया गया। इसके प्रथम अध्यक्ष उर्जित पटेल बने। इसके अध्यक्ष आरबीआई गवर्नर होते हैं। इसमें अध्यक्ष सहित कुल 6 सदस्य होते हैं जिनमें 3 आरबीआई तथा 3 भारत सरकार द्वारा नियुक्त होते हैं।

55. **व्याख्या :** (C) ई-कॉमर्स इंटरनेट जैसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक नेटवर्क पर व्यापार करने का एक तरीका है। ई-कॉमर्स लेन-देन में पुस्तकें, आवश्यक वस्तुएं, रेल-हवाई टिकिट, वित्तीय सेवा आदि उपलब्ध हैं।

56. **व्याख्या :** (C) $GDP_{MP} = GDP_{FC}$ + शुद्ध अप्रत्यक्ष कर।

57. **व्याख्या :** (A) श्वेत क्रांति भारत के विकास में एक ऐसी क्रांति थी जिसने भारत को दुग्ध उत्पादन के मामले में सम्पूर्ण विश्व में सर्वोच्च स्थान दिलाया।

58. **व्याख्या :** (D) बोकारो आयरन एण्ड स्टील प्लांट (झारखण्ड) की स्थापना सन् 1964 में रूस की सहायता से की गई। यह एशिया का सबसे बड़ा प्लांट है।

59. **व्याख्या :** (C) 2021-22 में सेवा क्षेत्र का अर्थव्यवस्था में योगदान 53% है तथा वृद्धि दर 8.2% है। सेवा क्षेत्र के तीन मुख्य उपक्षेत्र हैं - 1. व्यापार-होटल - 11.9%
2. लोक प्रशासन - 10.7% 3. वित्तीय रियल स्टेट - 4%।

60. **व्याख्या :** (B) राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन 23 सितंबर, 2013 को प्रारंभ हुआ। इसने स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना का स्थान लिया। वित्तपोषण – 75:25 (केन्द्र : राज्य)।

61. **व्याख्या :** (A) मनरेगा अधिनियम 2 अक्टूबर, 2005 का है जो 2 फरवरी, 2006 से लागू हुआ। प्रारंभ में यह भारत के 200 जिलों, जिसमें राजस्थान के 6 जिले भी शामिल थे, में लागू हुआ।

62. **व्याख्या :** (B) यह पुरस्कार जिला परिषद झुंझुनूं तथा पंचायत समिति चिड़ावा (झुंझुनूं) व सलूंबर (उदयपुर) को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त बाल हितैषी पुरस्कार ग्राम पंचायत दिलोई (झुंझुनूं) को प्रदान किया गया।

63. **व्याख्या :** (C) राजस्थान राज्य राजमार्ग विकास कार्यक्रम तथा बाँध पुनर्वास विकास व सुधार परियोजना विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित है।

64. **व्याख्या :** (B) मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना का शुभारंभ 2 अक्टूबर, 2011 को किया गया। यह विश्व की सबसे बड़ी नि:शुल्क दवा योजना है। इस योजना के अन्तर्गत 971 दवाइयां (713 आवश्यक दवाइयां, 121 सर्जिकल दवाइयां तथा 77 सूचीबद्ध दवाइयां) सम्मिलित की गई हैं।

65. **व्याख्या :** (B) सुरेश तेंदुलकर समिति के अनुसार भारत में गरीबी प्रतिशत 21.9% रहा जबकि राजस्थान में 14.7% तथा राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्र में 16.05% रहा।

66. **व्याख्या :** (A) राज्य में पेसा अधिनियम 8 जिलों में लागू है। इनमें डूंगरपुर, बांसवाड़ा व प्रतापगढ़ शामिल हैं। इन क्षेत्रों में पंचायतीराज संस्थाओं के अध्यक्ष केवल एसटी वर्ग वाले ही बनेंगे।

67. **व्याख्या :** (B) राजस्थान राज्य जनजाति विकास सहकारी संघ की स्थापना सन् 1976 में हुई। इसका मुख्यालय उदयपुर में है तथा यह मत्स्य पालन व लघु वन उपज को बढ़ावा देता है।

68. **व्याख्या :** (B) तारकशी नाथद्वारा की प्रसिद्ध है, जबकि 'फड़' हेतु शाहपुरा प्रसिद्ध है।

69. **व्याख्या :** (C) निर्यात तत्परता सूचकांक नीति आयोग द्वारा जारी किया जाता है। इसमें प्रथम स्थान पर गुजरात रहा। राजस्थान ओवरऑल श्रेणी में 62.55 अंक के साथ 11वीं रैंक व लेंडलॉक श्रेणी में छठी रैंक पर रहा।

70. **व्याख्या :** (C) जयपुर में हस्तशिल्प म्यूजियम बनाया जाएगा तथा रीको हेंडीक्राफ्ट पार्क विकसित किया जाएगा व कलाकारों को ऋण के ब्याज पर 100% सब्सिडी मिलेगी।

71. **व्याख्या :** (C) नीलगिरी, अन्नामलाई, कार्डेमम तमिलनाडु तथा केरल की सीमा पर स्थित पहाड़ियाँ हैं।
- डोडाबेटा नीलगिरि पर्वत की सबसे ऊँची चोटी है।
- अन्नामलाई पर्वत की चोटी 'अनाईमुड़ी' दक्षिण भारत की सर्वोच्च चोटी है।
- कार्डेमम प्रायद्वीपीय भारत का दक्षिणतम पर्वतीय क्षेत्र है।

72. **व्याख्या :** (D) पारसनाथ हिल जैनियों का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है।
- स्वर्णरेखा नदी का उद्गम छोटा नागपुर के पठार से होता है। मैसूर के पठार की प्रमुख नदियाँ कृष्णा, कावेरी, तुंगभद्रा, शरावती व भीमा हैं।
- मुल्लयानगिरी कर्नाटक के पठार की सबसे ऊँची चोटी है।

73. **व्याख्या :** (A) काठियावाड़ तट को सौराष्ट्र तट या गुजरात तट के नाम से भी जाना जाता है।
- कोंकण तट का विस्तार महाराष्ट्र से गोवा के बीच है।
- कन्नड़ तट का विस्तार गोवा से मंगलुरू के मध्य है।
- मालाबार तट का विस्तार मंगलुरू से कन्याकुमारी तक है।

74. **व्याख्या :** (C) तुलबुल परियोजना झेलम नदी पर जम्मू कश्मीर में स्थित है।
- फरक्का परियोजना गंगा नदी पर पश्चिम बंगाल में स्थित है।
- उरी परियोजना झेलम नदी पर जम्मू कश्मीर में स्थित है।

75. **व्याख्या :** (B) गंगा नदी का उद्गम उत्तराखण्ड के गंगोत्री हिमनद से होता है।
- गंगा नदी का अपवाह भारत का सबसे बड़ा अपवाह तंत्र है।
- बंगाल की खाड़ी में **मेघना** नाम से प्रवेश करती है।
- यमुना व सोन इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ हैं।

76. **व्याख्या :** (C) गोविन्द राष्ट्रीय उद्यान उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जिले में है। इसकी स्थापना 1990 में हुई।
- नेवोरा घाटी राष्ट्रीय उद्यान पश्चिम बंगाल में है इसकी स्थापना 1986 में हुई।
- इटांकी राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना 1993 में हुई है।

77. **व्याख्या :** (D) भारत में कहवा के उत्पादन की शुरुआत बाबा बूदन की पहाड़ियों से हुई।
- कर्नाटक, तमिलनाडु व केरल में कहवा का उत्पादन प्रमुख रूप से किया जा रहा है।
- अरेविका तथा रोवस्टा कहवा की प्रमुख किस्में हैं।

78. **व्याख्या :** (D) भारत में हेमेटाइट किस्म का लौह अयस्क मुख्यत: पाया जाता है।
- छत्तीसगढ़ की वैलाडिला खान एशिया की वृहतम् लौह अयस्क खान है।
- झारखण्ड के नाआमुण्डी तथा गुआ क्षेत्र हेमेटाइट लौह अयस्क के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र हैं।

79. **व्याख्या :** (B) क्रोमाइट लोहा तथा क्रोमियम का ऑक्साइड है।
- देश के लगभग 93% क्रोमाइट का उत्पादन ओडिशा में होता है।
- ओडिशा के सुकिण्डा तथा नौसाही क्षेत्रों से प्रमुखतया क्रोमाइट प्राप्त किया जाता है।

80. **व्याख्या :** (A) रानीगंज कोयला उत्पादन क्षेत्र- पश्चिम बंगाल।
- उमरिया कोयला उत्पादन क्षेत्र- मध्यप्रदेश।
- देश के कुल कोयला उत्पादन में लगभग 80% योगदान छोटा नागपुर पठार क्षेत्र का है।

81. **व्याख्या :** (A) भारत में प्रथम जल विद्युत संयंत्र दार्जिलिंग में स्थापित किया गया था।
- विश्व के कुल ऊर्जा उत्पादन का 1/4 हिस्सा जल विद्युत से उत्पन्न किया जाता है।
- भाखड़ा नांगल, दामोदर घाटी तथा कोयना भारत की प्रमुख जल विद्युत परियोजना हैं।

82. **व्याख्या :** (B) देश का प्रथम परमाणु ऊर्जा स्टेशन तारापुर (महाराष्ट्र) में 1969 में स्थापित किया गया था।
- तारापुर केन्द्र अमेरिका की सहायता से स्थापित किया गया।

83. **व्याख्या : (C)** भद्रावती की स्थापना विशाखापट्टनम बंदरगाह के पास की गई।
- यह भारत का पहला समुद्र तटीय इस्पात कारखाना है।
- ऊर्जा हेतु कोयला दामोदर घाटी से प्राप्त किया जाता है।

84. **व्याख्या : (B)** सार्वजनिक क्षेत्र का प्रथम कारखाना इंडियन पेट्रो केमिकल लिमिटेड वड़ोदरा में सन् 1963 में स्थापित किया है।
- निजी क्षेत्र का प्रथम कारखाना सन् 1966 में स्थापित किया गया।

85. **व्याख्या : (B)** दक्षिण-पूर्वी रेलवे जोन का मुख्यालय गार्डनरीच (कोलकाता) में स्थित है।
- पूर्वी तटीय रेलवे का मुख्यालय भुवनेश्वर में स्थित है।

86. **व्याख्या : (A)** राजस्थान में सर्वाधिक साक्षरता जयपुर सम्भाग (72.99%) की है।
- न्यूनतम साक्षरता - जोधपुर संभाग (59.57%)
- सर्वाधिक साक्षरता वाला जिला - उदयपुर।

87. **व्याख्या : (C)** रघुनाथगढ़ उत्तरी अरावली की सर्वोच्च चोटी है। इसकी ऊँचाई 1055 मीटर है।
- बिलाली (अलवर) - 775 मी., बबाई (जयपुर)- 780 मी., बरवाड़ा (जयपुर) - 786 मी.।

88. **व्याख्या : (C)** झालावाड़ राजस्थान का चेरापूंजी कहलाता है।
- राज्य में मानसून के पूर्व की वर्षा दोंगड़ा कहलाती है।
- सर्वाधिक वर्षा वाले दिन - 40 दिन झालावाड़ जिले में।

89. **व्याख्या : (A)** कृषि विभाग के मृदा वर्गीकरण के आधार पर राजस्थान में 14 प्रकार की मृदा पायी जाती है।
- रेवेरिना - श्रीगंगानगर, साई रोजेक्स - श्रीगंगानगर जिफ्सीफेरस - बीकानेर।

90. **व्याख्या : (B)** शुष्क सागवान वन राजस्थान के दक्षिणी भाग में पाये जाते हैं।
- सागवान मुख्यत: डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा क्षेत्र में पाया जाता है।

91. **व्याख्या : (A)** हंस - टोंक , शाहीन - सीकर, सारस - भरतपुर, राजहंस - नागौर, भालू - जालौर, मगरमच्छ - बारां।

92. **व्याख्या : (B)** लूनी - जवाई।
माही - सोम, जाखम, मोरेल।
साबरमती - सेई, वाकल, वेतरक।
कालीसिंध - परवन।

93. **व्याख्या : (C)** माही बजाज सागर परियोजना में राजस्थान का हिस्सा 45% व गुजरात का हिस्सा 55% है।
- इस योजना का सर्वाधिक लाभ बांसवाड़ा जिले को प्राप्त है।

94. **व्याख्या : (B)** भैरूदान बांगड़सर लिफ्ट नहर जोधपुर व बीकानेर है । इसका नवीन नाम वीर तेजाजी लिफ्ट नहर रखा गया है।
- गुरु जम्भेश्वर लिफ्ट नहर (पुराना नाम -फलौदी लिफ्ट नहर) जोधपुर, बीकानेर व जैसलमेर में।

95. **व्याख्या : (C)** देश के 96% फ्लोराइड का उत्पादन राजस्थान करता है।
- माण्डों की पाल (डूंगरपुर) फ्लोराइड उत्पादन में अग्रणी है।

96. **व्याख्या : (C)** राजस्थान का जनसंख्या घनत्व - 200
- 200 से अधिक जनसंख्या घनत्व वाले जिले - 18
- सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व - जयपुर (595)
- न्यूनतम जनसंख्या घनत्व - जैसलमेर (17)।

97. **व्याख्या : (A)** राजस्थान किसान ऊर्जा मित्र योजना की शुरुआत 17 जुलाई, 2021 से की गई।
- योजना का लाभ - मई, 2021 के बिलों से।
- प्रतिमाह 1000 रु की छूट कृषि उपभोक्ताओं को।

98. **व्याख्या : (B)** 31 मार्च, 2021 तक राज्य में सड़कों की स्थिति -
- राज्य राजमार्गों की लम्बाई - 15544 किमी.
- राष्ट्रीय राजमार्गों की लम्बाई - 10618 किमी.
- सड़क घनत्व 79.76 किमी./100 वर्ग किमी.
- सड़कों की कुल लम्बाई 272959 किमी. है।

99. **व्याख्या : (B)** राजस्थान में मक्का का सर्वाधिक उत्पादन उदयपुर व बांसवाड़ा में होता है।
- मक्का खरीफ की एक फसल है।
- मक्का की प्रमुख किस्में - माही कंचन व माही धवन।

100. **व्याख्या : (D)** 'थार महोत्सव' बाड़मेर का प्रसिद्ध है।
- ऊँट महोत्सव - जनवरी माह में बीकानेर में आयोजित किया जाता है।
- हाथी महोत्सव आमेर (जयपुर) में आयोजित होता है।

101. **व्याख्या : (D)** प्रस्तावना में न्याय के तीन रूप शामिल हैं- सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक। इनकी सुरक्षा मौलिक अधिकार व नीति निदेशक सिद्धांतों के विभिन्न उपबंधों के माध्यम से की जाती है।

102. **व्याख्या : (B)** अनुच्छेद-24 बालश्रम का निषेध - 14 वर्ष से कम आयु वाले किसी बच्चे को कारखानों, खानों या किसी अन्य जोखिमभरे काम पर नियुक्त नहीं किया जा सकता है। यह प्रतिबंध किसी को नुकसान न पहुँचाने वाले अथवा निर्दोष कार्यों में नियोजन का प्रतिबंध नहीं करता है।

103. **व्याख्या : (B)** 1951 में मद्रास राज्य बनाम चम्पाकन दोराई राजन मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह व्यवस्था दी कि नीति निदेशक तत्व और मूल अधिकारों के बीच किसी भी तरह के टकराव में मूल अधिकार प्रभावी होंगे। इसमें कहा गया है कि निदेशक सिद्धांत, मूल अधिकारों के पूरक के रूप में निश्चित रूप से लागू होंगे।

104. **व्याख्या : (A)** मौलिक कर्त्तव्य नागरिक एवं नैतिक प्रकृति के हैं। मौलिक कर्त्तव्य भारतीय नागरिकों पर लागू होते हैं, विदेशियों पर नहीं। मौलिक कर्त्तव्य कानूनी तौर पर लागू नहीं किये जा सकते।

105. **व्याख्या : (B)** 40वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 - इसके अंतर्गत अनुच्छेद-297 में संशोधन करके भारत की सम्पूर्ण भूमि, खनिज व जल सम्पदा को केन्द्र के अधिकार क्षेत्र में लाया गया तथा 64 केन्द्रीय एवं राज्य कानूनों को नौवीं अनुसूची में शामिल किया गया।

106. **व्याख्या : (C)** अनुच्छेद-101 के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संसद के दोनों सदनों का सदस्य एक साथ हो अथवा संसद के किसी एक सदन और राज्य विधानमंडल के किसी एक सदन का सदस्य हो तो वह दोनों पदों पर एक साथ नहीं रह सकता ।

**107. व्याख्या :** (A) लोकसभा सदस्य की योग्यताएँ -

1. वह भारत का नागरिक हो तथा निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी के रूप में तीसरी अनुसूची में वर्णित शपथ या प्रतिज्ञान करता हो।
2. न्यूनतम आयु 25 वर्ष हो।
3. संसद द्वारा निर्धारित योग्यताएँ रखता हो।

**108. व्याख्या :** (D) राज्यपाल का कार्यकाल (अनुच्छेद-156) - राज्यपाल का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है, परंतु 5 वर्ष से पूर्व भी राष्ट्रपति उसे एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांतरित कर सकता है या पदमुक्त कर सकता है अर्थात् राज्यपाल का कार्यकाल राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त होता है।

**109. व्याख्या :** (C) कृष्णकांत पहले उपराष्ट्रपति थे जिनकी पद पर रहते हुए मृत्यु हुई। मोहम्मद हामिद अंसारी ऐसे दूसरे व्यक्ति हैं जो सर्वाधिक कार्यकाल तक उपराष्ट्रपति रहे। डॉ. राधाकृष्णन, एम. हिदायतुल्ला और शंकरदयाल शर्मा निर्विरोध उपराष्ट्रपति बने।

**110. व्याख्या :** (A) राज्यपाल अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति को सौंपता है। राज्यपाल को हटाने का आधार तथा प्रक्रिया का संविधान में कहीं कोई उल्लेख नहीं है। राष्ट्रपति कभी भी राज्यपाल को पद से मुक्त कर सकते हैं।

**111. व्याख्या :** (B) संविधान में उपमुख्यमंत्री के पद का कोई प्रावधान नहीं है। उपमुख्यमंत्री पद का निर्माण राजनीतिक कारणों से हुआ। उपमुख्यमंत्री कैबिनेट स्तर का मंत्री होता है।

**112. व्याख्या :** (A) विधानसभा अध्यक्ष अपना त्यागपत्र उपाध्यक्ष को तथा उपाध्यक्ष अपना त्यागपत्र अध्यक्ष को सौंपकर अपना पद त्याग सकते हैं। अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष के वेतन तथा भत्तों का निर्धारण विधानमंडल द्वारा किया जाता है। इनका वेतन राज्य की संचित निधि से दिया जाता है।

**113. व्याख्या :** (B) अनुच्छेद-220 के अनुसार उच्च न्यायालय का कोई स्थायी न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के बाद उसी उच्च न्यायालय या उस उच्च न्यायालय के किसी अधीनस्थ न्यायालय में वकालत नहीं कर सकता है, किंतु वह अन्य उच्च न्यायालयों या सर्वोच्च न्यायालय में वकालत कर सकता है।

**114. व्याख्या :** (B) रघुनाथ राव बनाम भारत संघ वाद (1993) में निर्णय -

1. प्रस्तावना शक्ति का स्त्रोत नहीं है, विधि की शक्ति का स्त्रोत विनिर्दिष्ट अनुच्छेद ही हो सकता है।
2. प्रस्तावना विधायिका की शक्तियों पर प्रतिबंध का अर्थ स्पष्ट करने के लिए उपयोगी है।
3. प्रस्तावना संविधान के संदिग्ध तथा द्विअर्थी उपबंधों का अर्थ स्पष्ट करने के लिए उपयोगी है।

**115. व्याख्या :** (D) व्यक्ति को अपने धर्म के लिए संस्थानों की स्थापना व पोषण करने की विधि-सम्मत सम्पत्ति के अर्जन का अधिकार है। इस प्रकार अनुच्छेद-25 जहाँ व्यक्तिगत अधिकारों की गारण्टी देता है, वहीं अनुच्छेद-26 धार्मिक सम्प्रदाय या इसके अनुभागों को अधिकार प्रदान करता है।

**116. व्याख्या :** (A) वैश्विक नवाचार सूचकांक जारी करने वाली संस्था - विश्व बौद्धिक सम्पदा संगठन।
सूचकांक में शीर्ष स्थान - स्विट्जरलैंड।
भारत का स्थान - 40वाँ।

**117. व्याख्या :** (A) बुरहानपुर (मध्यप्रदेश) देश का पहला 'हर घर तिरंगा' प्रमाणित जिला बना।
- गोवा 'हर घर तिरंगा' प्रमाणित राज्य बना।

**118. व्याख्या :** (C) करीकिली पक्षी अभयारण्य पल्लिकरवई मार्श रिजर्व फॉरेस्ट और पिचवरम मैंग्रोव (तमिलनाडु), माला आर्द्रभूमि (मिजोरम) तथा सारूप सागर (मध्यप्रदेश) को रामसर भूमि में शामिल किया गया।

**119. व्याख्या :** (C) विम्बलडन चैम्पियनशिप-2022 का आयोजन लंदन में हुआ।
विजेता - नोवाक जोकोविक (सर्बिया)
उपविजेता - निक किर्गियोस (ऑस्ट्रेलिया)।

**120. व्याख्या :** (D) इंडिया इनोवेशन इंडेक्स - 2022
जारीकर्ता - नीति आयोग
संस्करण - तृतीय , प्रथम स्थान -कर्नाटक।

**121. व्याख्या :** (A) अमेरिकी स्पेस एजेंसी 'नासा' द्वारा 28 जून, 2022 को न्यूजीलैंड के माहिया प्रायद्वीप से **क्यूबसैट कैपस्टॉन** को लॉन्च किया गया।

**122. व्याख्या :** (B) ट्रैवल प्लस लेजर द्वारा विश्व के सर्वश्रेष्ठ 10 शहरों की सूची में जयपुर व उदयपुर को शामिल किया गया है। जयपुर को 8वाँ स्थान तथा उदयपुर को 10वाँ स्थान मिला है।

**123. व्याख्या :** (D) राज्य सरकार द्वारा महाराणा प्रताप पुरस्कार व गुरु वशिष्ठ पुरस्कार की राशि 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है।

**124. व्याख्या :** (C) मुख्यमंत्री द्वारा 19 जुलाई, 2022 को जमनालाल बजाज ऑडिटोरियम का शिलान्यास सीकर में किया गया।

**125. व्याख्या :** (B) बांसवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा गर्भवती महिलाओं में कमजोरी और शिशुओं को कुपोषण से बचाने के लिए पोषण विकास कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

**126. व्याख्या :** (A) A.L.U. अरिथमेटिक लोजिक यूनिट।
- इसका कार्य अंकगणितीय व तार्किक गणना करना है।
- यह सी.पी.यू. का भाग होता हैं।

**127. व्याख्या :** (D) प्रिंटर एक Output device है।
Input device - स्टाइलस, टचस्क्रीन, टचपैड, डिजीटल कैमरा, BCR, OMR आदि।
Output device - मॉनिटर, प्रिंटर, प्रोजेक्टर।

**128. व्याख्या :** (B) Input device वे डिवाइस होते हैं जो यूजर से तो डाटा लेते हैं, लेकिन यूजर द्वारा प्राप्त डाटा को सी.पी.यू. तक भेजने का कार्य करते हैं।

**129. व्याख्या :** (D) हाल ही में हटाई गई (डिलीट की गई) फाइलें कम्प्यूटर के रिसाइकिल बिन में सेव होती हैं।

**130. व्याख्या :** (A) फोट्रोन का उपयोग गणितीय क्षेत्र में किया जाता है।
एल्गोल का प्रयोग विज्ञान के क्षेत्र में किया जाता है।
कोबोल का प्रयोग बिजनेस के क्षेत्र में किया जाता है।

131. **व्याख्या :** (D) विसर्ग संधि में विसर्ग से पहले 'अ' आए तथा विसर्ग के बाद 'आ', 'इ', 'उ', 'ए' आए तो विसर्ग का लोप हो जाता है। 'अ' (स्वर) : + आ, इ, उ, ए = विसर्ग (:) का लोप।
अतः + एव = अतएव, मनः + उच्छेद = मनउच्छेद,
ततः + एव = ततएव।

132. **व्याख्या :** (C) स्वस्तिक (सु + अस्ति + क), स्वल्प (सु + अल्प) उक्त दोनों शब्द 'सु' उपसर्ग से निर्मित हैं; परंतु 'स्वाधीन' शब्द 'स्व' (स्व + अधीन) उपसर्ग से निर्मित होने के कारण असंगत है।

133. **व्याख्या :** (A) 'नीरव' समस्तपद अव्ययीभाव समास का उदाहरण है। नीरव - रव / ध्वनि से रहित।
जगसुहाता - जग को सुहाने वाला (कर्म तत्पुरुष समास)।
आनन्दमय - आनन्द से मय (करण तत्पुरुष समास)।

134. **व्याख्या :** (B) 'लब्ध-प्रतिष्ठित' शब्द सामासिक दृष्टि से अशुद्ध है। जब 'प्रतिष्ठित' शब्द अकेला आएगा तो शुद्ध माना जाएगा; परंतु 'लब्ध' के साथ समास कर देने पर 'प्रतिष्ठित' के स्थान पर 'प्रतिष्ठ' होकर 'लब्ध-प्रतिष्ठ' बनेगा। इसी तरह अहर्निश (अहर्निशा अशुद्ध) व निष्प्रभ (निष्प्रभा अशुद्ध) शुद्ध शब्द हैं।

135. **व्याख्या :** (B) चार अतिथि आ गए हैं, उनको जलपान कराना है।

136. **व्याख्या :** (D) आमिष का विलोम निरामिष होता है।

137. **व्याख्या :** (D) दामोदर विष्णु का पर्यायवाची है।
बादल - मेघ, अंबुद, जलद, नीरद, पयोद, पयोधर, जलधर, वारिधर, वारिनाथ, तोयद, घन।

138. **व्याख्या :** (C) वाक्य में देना क्रिया से 'दान' का भाव प्रकट हो रहा है, अतः सम्प्रदान कारक होगा।

139. **व्याख्या :** (A) अनिता मधुर गाती है। ('मधुर' - रीतिवाचक क्रिया विशेषण)
- अनिता राधा से मधुर गाती है। ('मधुर' - संबंधसूचक अव्यय)।

140. **व्याख्या :** (C) 'सबसे' तथा 'सर्वोत्तम' दोनों उत्तमावस्था के वाचक हैं। इनमें से एक का ही (यह चित्र सबसे सुन्दर है) प्रयोग होगा।

141. **व्याख्या :** (A) Present simple - चूंकि verb अपने I[st] form में है।

142. **व्याख्या :** (D) Passive बनाते समय Is/Am/Are + ing form → Is/Am/Are +being $V_3$ में बदल जाती है।

143. **व्याख्या :** (C) बाध्यता के भाव में need, Indirect speech में had to में बदल जाता है।

144. **व्याख्या :** (C) नकारात्मक भाव वाले सकारात्मक वाक्यों में Any का प्रयोग होता है।

145. (D)

146. **व्याख्या :** (C) माना प्रत्येक नारियल का क्रय-मूल्य = 1 रु.
2500 नारियलों का क्रय-मूल्य = 2500 रु.
2500 नारियलों का विक्रय मूल्य = 2750 रु नारियलों का क्रय मूल्य = 2750 रु
लाभ = (2750-2500) रु = 250 रु.

लाभ % = $\Rightarrow \left(\dfrac{250}{2500}\times 100\right)\% = 10\%$ लाभ

147. **व्याख्या :** (A) अधिकतम छड़ की लम्बाई = कमरे का विकर्ण

$$\Rightarrow \sqrt{(l)^2+(b)^2+(h)^2}$$

$$\Rightarrow \sqrt{(10m)^2+(8m)^2+(4m)^2}$$

$$\Rightarrow \sqrt{100m^2+64m^2+16m^2}$$

$$\Rightarrow \sqrt{180m^2} = 6\sqrt{5}m$$

148. **व्याख्या :** (B) $180^\circ = \pi$ रेडियन

$$1^\circ = \frac{\pi}{180}$$

$$\Rightarrow 45^\circ = \frac{\pi}{180}\times 45$$

$$= \frac{\pi}{4}$$ रेडियन

149. **व्याख्या :** (A) दिया गया व्यंजक

$$\frac{(498)^3-(169)^3}{(498)^2+(498\times169)+(169)^2}$$

$$\because \frac{(a^3-b^3)}{(a^2+ab+b^2)} = (a-b)$$

$$= (498-169) = 329$$

150. **व्याख्या :** (C) सभी भिन्नों में पूर्णांश समान है। अतः अपूर्णांशों के आधार पर तुलना की जाएगी।
अपूर्णांश 0.1989 में दसवें भाग का अंक 1 शेष तीनों भिन्नों से कम है। अतः सबसे छोटी दशमलव भिन्न 8415.1987 होगी।

❑❑❑

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

- विषयवार ई- बुक यहाँ से देखे
- Youtube पर ऑनलाइन क्लासे देखे
- लेटेस्ट पोस्ट (GK क्विज)
- 1000 प्रश्न ई-बुक Download
- राजस्थान GK ई- बुक डाउनलोड
- Computer E- book Download
- Rajasthan Gk Questions
- India Gk Questions
- One Liner Gk Questions




राजस्थान सामान्य ज्ञान
वन लाइनर प्रश्न-उत्तर
500+
क्लिक करें एवं पढ़ें


राजस्थान सामान्य ज्ञान
लाइव क्लास की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें


SSC GD
All Old Paper PDF
Solved Paper
PDF DOWNLOAD

RAJASTHAN CET
सामान्य हिन्दी
Download Now

सामान्य ज्ञान
5100+ प्रश्न

राजस्थान GK
LIVE CLASS PDF
DAILY UPDATE